# टाइम्स कॉलेज ऑफ कंप्यूटर एंड आईटी, दमोह परिसर में वसंत पंचमी के पर्व पर सरस्वती पूजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

वसंत पंचमी के पावन अवसर पर टाइम्स कॉलेज ऑफ कंप्यूटर एंड आईटी, दमोह परिसर में सरस्वती पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के डायरेक्टर श्री शरद गुप्ता, निधि मैम सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा गीत,  एवं कविता पाठ जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। मंच संचालन का कार्य **विधि पांडेय** एवं **अनुरागी राय** के द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।

इस अवसर पर डायरेक्टर श्री शरद गुप्ता ने अपने संदेश में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और संस्कृति से जुड़े रहने की प्रेरणा दी तथा माँ सरस्वती से सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में डायरेक्टर सर द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों, स्टाफ एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

वसंत पंचमी के इस शुभ अवसर पर आयोजित पूजा और स्वच्छता शपथ ने कॉलेज में एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया और सभी ने इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

